**CCE RR/PF**
**FULL SYLLABUS**

**A**

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 3

**AUGUST 2024 EXAMINATION - 3**

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

# MODEL ANSWERS

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H** CODE NO. : **60-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)

## Subject : Third Language — HINDI (NCERT)

( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )

( Regular Repeater / Private Fresh )

ದಿನಾಂಕ : 03. 08. 2024 ] [ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

Date : 03. 08. 2024 ] [ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8 | |
| 1. | 'उपस्थिति' शब्द का विलोम शब्द है –<br>(A) अनुपस्थिति (B) घनउपस्थिति<br>(C) स्थिति (D) समस्थिति<br>**उत्तर :** (A) अनुपस्थिति | 1 |
| 2. | 'उम्मीद' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) आत्मीय (B) भरोसा<br>(C) उल्लास (D) भावुक<br>**उत्तर :** (B) भरोसा | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | निम्न में से बहुवचनरूपी शब्द है –<br>(A) आँख (B) सागर<br>(C) पाठशाला (D) दीवारें<br>**उत्तर :** (D) दीवारें | 1 |
| 4. | 'देवालय' शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ संधि (B) यण् संधि<br>(C) गुण संधि (D) वृद्धि संधि<br>**उत्तर :** (A) दीर्घ संधि | 1 |
| 5. | 'रात-दिन' शब्द में समास है –<br>(A) तत्पुरुष (B) द्विगु<br>(C) द्वंद्व (D) कर्मधारय<br>**उत्तर :** (C) द्वंद्व | 1 |
| 6. | निम्न में से उपसर्गयुक्त शब्द है –<br>(A) बुद्धिमान (B) शक्तिशाली<br>(C) स्नेहहीन (D) अज्ञात<br>**उत्तर :** (D) अज्ञात | 1 |
| 7. | 'बाट जोहना' मुहावरे का अर्थ है –<br>(A) चकित रहना (B) प्रतीक्षा करना<br>(C) प्रभात होना (D) भाग जाना<br>**उत्तर :** (B) प्रतीक्षा करना | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | सच बताओ तुम कौन हो ?<br>उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) विस्मयादिबोधक (B) उद्धरण<br>(C) प्रश्नवाचक (D) पूर्ण विराम<br>उत्तर : (C) प्रश्नवाचक | 1 |
| II. | **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :** 4 × 1 = 4 | |
| | अ — ब | |
| 9. | तोप — a) रवींद्रनाथ ठाकुर | |
| 10. | व्यावहारिकता को पहचाननेवाला — b) करुणामय | |
| 11. | बड़े भाई साहब — c) 1857 का | |
| 12. | आत्मत्राण — d) प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट | |
| | e) अध्ययनशील व्यक्ति | |
| | f) सुमित्रानंदन पंत | |
| | g) 1931 का | |
| | उत्तर : | |
| 9. | c) 1857 का | 1 |
| 10. | d) प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट | 1 |
| 11. | e) अध्ययनशील व्यक्ति | 1 |
| 12. | a) रवींद्रनाथ ठाकुर | 1 |
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :**<br>4 × 1 = 4 | |
| 13. | बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री कौन थे ?<br>उत्तर : अविनाश बाबू | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 14. | लेखक केलेकर के अनुसार शुद्ध सोना कैसा होता है ?<br>**उत्तर :** शुद्ध आदर्श जैसा | 1 |
| 15. | कविता में कर्ण की दान के बारे में क्या-क्या बताया गया है ?<br>**उत्तर :** सहर्ष होकर शरीर-चर्म दान करने के बारे में। | 1 |
| 16. | तोप किनसे फ़ारिग होता है ?<br>**उत्तर :** छोटे लड़कों की घुड़सवारी से फ़ारिग होता है। | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :**<br>8× 2 = 16 | |
| 17. | तताँरा के तलवार के बारे में लोगों की राय बताइए।<br>उत्तर : * ततांँरा का तलवार लकड़ी का होने पर भी उसमें अद्‌भुत दैवीय शक्ति है।<br>* उसमें एक विलक्षण रहस्य है। | 2 |
| 18. | शैलेंद्र के अनुसार कलाकार के कर्त्तव्य क्या-क्या होने चाहिए ?<br>**उत्तर :** * उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे।<br>* दर्शकों की रुचियों की आड़ में उथलेपन को न थोपें। | 2 |
| 19. | लेखक की माँ शाम के समय में पेड़ों से पत्ते तोड़ने के लिए क्यों मना करती थी ?<br>**उत्तर :** * शाम के समय तोड़ने से मना करती थी।<br>* पेड़ रोएँगे<br>* फूल बद्दुआ देंगे। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | 'मनुष्यता' कविता के अनुसार उदार व्यक्ति की पहचान बताइए।<br>**उत्तर :** * उदार व्यक्ति का वर्णन किताबों में किया जाता है।<br>* पृथ्वी अपने आप को कृतार्थ मानती है।<br>* उसकी कीर्ति को समस्त सृष्टि पूजती है।<br>* उसकी उदारता का गायन गाते हैं।<br>* उदारता हमेशा कूजती है। | 2 |
| 21. | झरते हुए झरनों के बारे में कवि सुमित्रानंदन पंत ने क्या कहा है ?<br>**उत्तर :** * झरने गिरि के गौरव का गाना गाते हैं।<br>* उनका नस-नस मस्ती से उत्तेजित हो जाते हैं।<br>* वे मोती की लड़ियाँ सा सुंदर दिखते हुए झाग भेर नीचे झरते हुए दिखते हैं। | 2 |
| 22. | 'आत्मत्राण' कविता के अंत में कवि करुणामय से किस प्रकार अनुनय करते हैं ?<br>**उत्तर :** * विपदाओं का निर्भय होकर सहन करूँ।<br>* सुख के दिन में नतमस्तक होकर तुम्हारा स्मरण करूँ।<br>* अगर दु:ख से भरे रात में कोई मुझे पूर्ण रूप से वंचित करे, तो भी तुम पर संशय न पाऊँ। | 2 |
| 23. | हरिहर काका को महंत के व्यवहारों से क्या अनुभव होने लगा था ?<br>**अथवा**<br>हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी में क्यों लगने लगे ?<br>**उत्तर :** * काका को महंत के व्यवहारों से लग रहा था कि जैसे आसमान से ज़मीन में आ गए हों।<br>* अब महंत घृणित, दुराचारी और पापी नज़र आने लगे थे।<br>**अथवा** | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * हरिहर काका के भाई और महंत दोनों लालची निकले।<br>* जायदाद के मोह में आपसी स्नेह और बंधुत्व को भूल गए।<br>* जमीन - जायदाद के लिए नाटक कर रहे थे।<br>* दोनों में मानवीयता अंत हो गयी थी। | |
| 24. | टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?<br><br>**अथवा**<br><br>अगली श्रेणी में पहुँचने के बाद लेखक का बालमन क्यों काँप उठता था ?<br><br>**उत्तर :** * टोपी भरे घर में अकेलापन महसूस कर रहा था।<br>* दादी हमेशा उसकी गलतियाँ निकालकर पिटाई करती थी।<br>* पर इफ़्फ़न की दादी हमेशा प्यार से बात करती, कहानियाँ सुनाती और हँसाती थी।<br>* बच्चों के साथ घुल-मिल जाती थी।<br><br>**अथवा**<br><br>* नयी-पुरानी किताबों से आनेवाली बास उन्हें मास्टरों को याद दिलाती थी।<br>* उन्हीं मास्टरों के डर से काँपने लगते थे, जो पिछली श्रेणी में पढ़ा चुके होते। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| V. क) | **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** 9 × 3 = 27 | |
| 25. | हुज़ूर ! यह तो जनशांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है।<br>**उत्तर :** * प्रस्तुत वाक्य का आशय है कि<br>* काठगोदाम के पास लोगों की भीड़ इकट्ठी हुई।<br>* लहू-लुहान उँगली की तरफ़ सबकी नज़र थी।<br>* सब कुत्ते के काटने की वजह और परिणाम के बारे में बात करने लगे।<br>* ख्यूक्रिन तो ऐसा दिख रहा था, कि इसका बदला लेकर ही रहेगा।<br>* शोर से भीड़ बढ़ने लगी तो, अशांति निश्चित थी।<br>* इसके संबंध में उपर्युक्त वाक्य का उल्लेख किया गया है। | 3 |
| 26. | खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।<br>**उत्तर :** * कानून भंग के साथ जनवरी 1931 के दिन मैदान में चलनेवाली सभा एक ओपन लड़ाई थी।<br>* जो लोग काम कर रहे थे, उन्हें रोकने की सूचना इंसपेक्टर द्वारा दे दी गई थी।<br>* इधर कौंसिल की ओर से नोटिस निकल गया था कि ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा और मोनुमेंट के नीचे स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी।<br>* इन बातों को स्पष्ट करने के लिए उपर्युक्त वाक्य का उल्लेख किया गया है। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 27. | कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढ़ै बन माँहि।<br>**उत्तर :** * मनुष्य खुद से अवगत होने में असफल है।<br>* जैसे हिरण के नाभि में बसे कस्तूरी [सुगंध] को न पहचानकर उसके लिए पूरे जंगल में ढूँढ़ते–फिरता है।<br>* मनुष्य भी अपने हृदय में भगवान को बसाकर पूरी दुनिया फिरता है।<br>* भगवान सर्वव्यापी है, वह हर कण में रहता है। बस उसे समझने और पहचानने का मन चाहिए।<br>* इस बात को स्पष्ट करने के लिए उपर्युक्त पंक्ति का उल्लेख हुआ है। | 3 |
| **ख)**<br>28. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>बड़े भाई साहब के गुण एवं विशेषताओं के बारे में विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * बड़े भाई स्वभाव से अध्ययनशील व्यक्ति थे।<br>* माता–पिता के परिश्रम का गौरव करनेवाले व्यक्ति थे।<br>* अपनी हार न मानते हुए निरंतर अभ्यास करनेवाले थे।<br>* बड़े भाई होने की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभाते थे।<br>* बार–बार फ़ेल होने पर भी पढ़ाई में रुचि रखने और भाई को सजग करनेवाले व्यक्ति थे।<br>* भाई को हमेशा बेराह होने से बचाने का प्रयत्न करते रहते थे। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 29. | निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ?<br>**उत्तर :** * तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।<br>* दूसरों की सहायता करने में हमेशा तत्पर रहता।<br>* द्वीपवासियों की सेवा करना परम कर्त्तव्य समझता था।<br>* कोई भी अपनी मुसीबत में याद करते तो दौड़ा-दौड़ा चला आता।<br>* उसका व्यक्तित्व आकर्षक था।<br>* उसके आत्मीय स्वभाव के कारण लोग उसके करीब रहना चाहते। | 3 |
| 30. | 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुलहन कहा गया है। स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * जैसे दुलहन लाल रंग के कपड़ों में अलंकृत होती<br>* वैसे ही खून से लथपथ धरती सिपाहियों को दुलहन जैसी लग रही थी।<br>* सिपाही हँसते हुए देश के लिए अपना बलिदान दे रहे थे।<br>* जैसे वीर सैनिक अपने दुलहन के प्यार में सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं, वैसे ही अपनी धरती के लिए भी सबकुछ त्यागने को तैयार थे। | 3 |
| 31. | मीराबाई के अनुसार श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * श्रीकृष्ण का शरीर साँवले रंग से सुशोभित<br>* वह मोर मुकुटधारी<br>* तन पर पीले रंग का वस्त्र धारण किये<br>* गले में वैजंती माला पहने<br>* उसका रूप मोहक और सबको आकर्षित करनेवाला। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 32. | **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**<br>कागद पर लिखत न बनत, कहत सँदेसु लजात।<br>कहिहै सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात।।<br>**उत्तर :** * कवि बिहारी इस दोहे में शृंगार रस भरकर नायक-नायिका के अनबोली संवादों का वर्णन कर रहे हैं।<br>* नायिका अपने नायक से कहती है कि<br>* मेरे मन की बातों को न कागज़ पर लिख सकूंगी न ही बोल पाऊँगी। मेरे हृदय की बात तेरे हृदय ही बता सकता है। कवि इस दोहे के द्वारा यह स्पष्ट किया है कि प्रेम हृदय से संबंधित है, उसका नहीं भाषा होती, नहीं बोली। | 3 |
| 33. | **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**<br>सीताराम सेकसरिया का जन्म1892 में राजस्थान के नवलगढ़ में हुआ। उन्होंने महात्मा गाँधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। वे आज़ाद हिंद फौज़ के मंत्री भी रहे।<br>**उत्तर :** ಕನ್ನಡ : ಸೀತಾರಾಮ ಸಕ್ಸೇರಿಯಾರವರ ಜನ್ಮ 1892 ರಲ್ಲಿ ರಾಜಸ್ಥಾನದ ನವಲಗಡದಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಅವರು ಮಹಾತ್ಮಾ ಗಾಂಧಿಯವರ ಆಹ್ವಾನದ ಮೇರೆಗೆ ಸ್ವತಂತ್ರತಾ ಆಂದೋಲನದಲ್ಲಿ ಭಾಗವಹಿಸಿದರು. ಅವರು ಆಜಾದ್ ಹಿಂದ್ ಫೌಜ್‌ನ ಮಂತ್ರಿಯೂ ಆಗಿದ್ದರು.<br>English : Sitaram Sakseriya was born on 1892 in Navalgad of Rajasthan. They took part in Freedomfight by the Invitation of Mahatma Gandhi. He was the Minister of Azad Hind Fouz. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8 | |
| 34. | वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>**अथवा**<br>वज़ीर अली कंपनी के वकील का कत्ल करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * वज़ीर अली एक महान् साहसी और सच्चा देशप्रेमी था।<br>* उसके अफ़साने रॉबिनहुड के कारनामे याद दिलाते।<br>* कुछ ही महीनों में अवध को अंग्रेजी शासन से मुक्त करने में कामयाब रहे।<br>* वह अकेले ही अंग्रेजों के खेमे में जाकर कारतूस लाने में सफल हुए।<br>* वह अंग्रेजों का नींद हराम किया था।<br>* न्याय पूछने पर भला-बुरा कहनेवाले अंग्रेजी वकील की निर्भयता से हत्या की।<br>* अंग्रेजी सिपाहियों के लिए वह एक दुःस्वप्न सा बन गया था।<br>* वज़ीर अली के इन्हीं गुणों से वह जाँबाज़ सिपाही कहलाता था।<br>**अथवा**<br>* वज़ीर अली को अपने पद से हटाकर बनारस पहुँचाया गया।<br>* हर वर्ष तीन लाख रुपए का जुर्माना मुकर्रर किया।<br>* बिना वजह कुछ महीने बाद उसे गवर्नर जनरल ने कलकत्ता तलब किया।<br>* कंपनी के वकील से शिकायत किया तो उसने बुरा-भला सुना दिया।<br>* उसके दिल में यूँ भी अंग्रेजों के प्रति नफ़रत कूट-कूटकर भर रखी थी उसने तुरंत अपने खंजर से वकील का कत्ल कर दिया। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**<br>सारे शीतल ..........................................<br>..........................................................<br>..........................................................<br>.......................................... तुझ में मिल' !<br>**उत्तर :** सारे शीतल कोमल नूतन,<br>माँग रहे तुझसे ज्वाला-कण<br>विश्व-शलभ सिर धुन कहता 'मैं<br>हाय न जल पाया तुझ में मिल' ! | 4 |
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>भारतीय संस्कृति में तुलसी पादप का स्थान अद्वितीय है। इसे लक्ष्मी का पादपावतार एवं 'विष्णुप्रिया' भी कहा गया है। इसीलिए यह प्रत्येक भारतीय परिवार के घर-आँगन की शोभा बढ़ाती है। तुलसी अनेक प्रकार से उपयोगी एवं रोगहारी शक्तिवाला पादप है। इसके पौधों व पत्तियों से ऐसी गंध निकलती है, जिसके प्रभाव को देखकर संतों-महात्माओं ने इसको पूजन-अर्चन में अनिवार्यता प्रदान की। तुलसी अपने लोकमंगलकारी स्वभाव एवं प्रभाव से ही लोकपोषक विष्णु को अत्यंत प्रिय है। तुलसी को लक्ष्मी एवं वृंदा का वृक्षावतार कहा गया है। वैष्णव साधु-समाज में कहा जाता है-'आठ पहर चौबीस घड़ी। ठाकुर पर ठकुराइन चढ़ी।' अर्थात् विष्णु की प्रतिमा एवं शालिग्राम पर तुलसीदल नित्य-निरंतर समारूढ़ रहते हैं।<br>**प्रश्न :**<br>अ) तुलसी भारतीय परिवारों में समादरित क्यों है ?<br>आ) संत-महात्माओं ने तुलसी को पूजन-अर्चन में अनिवार्यता क्यों प्रदान किये थे ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | इ) विष्णु को तुलसी क्यों अत्यंत प्रिय है ?<br>ई) 'आठ पहर चौबीस घड़ी। ठाकुर पर ठाकुराइन चढ़ी।' इस वाक्य का अर्थ बताइए। | |
| | **उत्तर :** अ) भारतीय संस्कृति में तुलसी पादप का स्थान अद्वितीय है। इसे लक्ष्मी का पादपावतार एवं विष्णुप्रिया कहा गया है। इसलिए यह भारतीय परिवारों में समादरित है। | 1 |
| | **उत्तर :** आ) इसके पौधों व पत्तियों से ऐसी गंध निकलती है, जिसके प्रभाव को देखकर संत–महात्माओं ने पूजन–अर्चन में अनिवार्यता प्रदान किये थे। | 1 |
| | **उत्तर :** इ) तुलसी अपने लोकमंगलकारी स्वभाव एवं प्रभाव से ही लोकपोषक विष्णु को अत्यंत प्रिय है। | 1 |
| | **उत्तर :** ई) अर्थात् विष्णु की प्रतिमा एवं शालिग्राम पर तुलसीदल नित्य–निरंतर समारूढ़ रहते हैं। | 1 |
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4<br>क) खेलों का महत्व<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ प्रकार<br>✳ लाभ<br>✳ उपसंहार | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ख) परिसर मालिन्य<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ मलिनता के कारण<br>✳ परिहारोपाय<br>✳ उपसंहार<br>ग) पाठशाला<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ विषय विस्तार<br>✳ उपसंहार | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |
| IX.<br>38. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$<br>आपको विभा/वरुण मानकर एक उचित कारण देते हुए तीन दिनों की छुट्टी के लिए अपने कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>शाला शैक्षिक यात्रा के लिए अपने पिताजी से 1,000/- रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।<br>**उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$ | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| | ✳ पत्र पानेवाले का पता | $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ संबोधन | $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ विषय | $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ पत्र का कलेवर | $2\frac{1}{2}$ | 5 |
| | ✳ समाप्ति | $\frac{1}{2}$ | |
| | **अथवा** | | |
| | पारिवारिक पत्र : | | |
| | ✳ प्रेषक का पता और दिनांक | $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ संबोधन एवं अभिवादन | 1 | |
| | ✳ पत्र का कलेवर | $2\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ समाप्ति | $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ पत्र पानेवाले का पता | $\frac{1}{2}$ | |